भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 3471

उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 10 अगस्त, 2026

19 श्रावण,1948 (शक)

शिवाजी महाराज के ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण

3471. **श्रीअनिल यशवंत देसाईः**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज से संबन्धित रायगढ़, सिंहगढ़ किला, सिंधुदुर्ग किला और अन्य कम ज्ञात तटीय किले तथा राजस्थान में महाराणा प्रताप से जुड़े प्रमुख विरासत स्थलों के प्रलेखन और संरक्षण के लिए कोई विशेष योजनाएं बनाई हैं;

(ख) क्या उक्त ऐतिहासिक स्मारक अवैध अतिक्रमणों से मुक्त हैं और यदि नहीं, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए स्थानीय निकायों के साथ केंद्रीय स्तर पर विचार-विमर्श कियागया है; और

(घ) यदि हाँ, तो विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त विरासत स्थलों को किसी भी अवैध निर्माण और अतिक्रमण से मुक्त रखने के लिए आवंटित तथा उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति और पर्यटन मंत्री

(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): भारतीयपुरातत्वसर्वेक्षण,अपने अधिकार क्षेत्र में अवस्थित छत्रपति शिवाजी महाराज और महाराणा प्रताप से जुड़े केंद्रीय संरक्षित स्मारकों का संरक्षण, अनुरक्षण और इनकेविकाससेसंबंधितकार्य, इनकेसंरक्षणकी आवश्यकता और संसाधनोंकीउपलब्धता के आधार पर अनुमोदित वार्षिक संरक्षण कार्यक्रम के अनुसार करता है।छत्रपति शिवाजी महाराज से जुड़े कुल 12 उल्लेखनीय मराठा किलों को वर्ष2025 में यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में "भारत के मराठा सैन्य परिदृश्य" के रूप में शामिलकिया गया है, जिनमें से 07 किलेअर्थात् शिवनेरी किला, रायगढ़ किला, सिंधुदुर्ग किला, लोहागढ़ किला, पन्हाला किला, सुवर्नदुर्ग किला और विजयदुर्ग किला महाराष्ट्र में अवस्थितहैं।

इसीप्रकार, संरक्षण की आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार, कुंभलगढ़ किला, चावंद में महाराणा प्रताप का खंडहर महल, रकत तलाई, हल्दीघाटी, चेतक समाधि और बादशाही बाग सहित महाराणा प्रताप से जुड़े स्थलों पर संरक्षण और रखरखाव कार्य किए जाते हैं।

(ख): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के क्षेत्राधिकार के अंतर्गतकुछ संरक्षित स्मारकों और संरक्षित क्षेत्रों (स्थलों) जैसे महाराष्ट्र राज्य में शिवाजी महाराज से जुड़े रायगढ़ किला, सिंधुदुर्ग किला और महाराणा प्रताप सिंह से जुड़े स्थानों जैसे राजस्थान राज्य में कुंभलगढ़ किला, चित्तौड़गढ़ किला में और उसके आसपास अतिक्रमण और अवैध निर्माण के मामले सामने आए हैं।ऐसे मामलों कासमाधान, प्राचीन संस्मारक तथापुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 और इसके अंतर्गत बनाईगईनियमावली, 1959 के प्रावधानों के प्रवर्तन के माध्यम से किया जाता है।

(ग): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, केन्द्रीयसंरक्षित स्मारकों से संबंधित संरक्षण कार्यों के कार्यान्वयन के लिए आवश्यकता पड़ने पर संबंधित राज्य सरकार के विभागों, जिला प्रशासन, स्थानीय निकायों और अन्य हितधारकों के साथ समन्वय और परामर्श करता है।

(घ): इनस्मारकों को अवैध निर्माण और अतिक्रमण से मुक्त रखने के लिए विशेष रूप से अतिरिक्त धन आवंटित नहीं किया जाता है।

*****